बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / 02–राज्य यो0–भू0अ0नि0(वि0सर्वे0कर्मी)मुंगेर–45 / 2022 892 **पटना, दिनांक** : 20/02/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर के पत्रांक 972 दिनांक 07.12.2023 द्वारा श्री रूपम कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03465) के विरूद्ध शिविर कार्यालय में रह कर कार्य नहीं करने, बार–बार स्पष्टीकरण किए जाने के बावजूद आदत में कोई सुधार नहीं लाने एवं बिमारी का बहाना बनाकर बिना अनुमति के चले जाने संबंधी आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा रद्द करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 10 दिनांक 03.01.2024 द्वारा श्री कुमार से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया है कि बरियारपुर शिविर में इन्हें कोई मौजा टैग नहीं है एवं मौजा गोरगामा थाना सं0 188 का एल0पी0एम0 वितरण एवं प्रारूप प्रकाशन का कार्य समाप्त कर दिया गया है। साथ ही उल्लेख किया गया है कि ज्यादा तबीयत खराब हो जाने के कारण मेल पर सूचना देते हैं। साथ ही साथ यह भी अंकित किया गया है कि इनके द्वारा दिनांक 29.12.2023 को बंदोबस्त कार्यालय में योगदान दिया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा एवं श्री कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण तथा संचिका में रक्षित अभिलेखों की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि इनके द्वारा सर्वेक्षण कार्य में विलंब किया गया है, परन्तु ये बंदोबस्त कार्यालय में योगदान दे दिए है। इस परिपेक्ष्य में तत्काल इनका संविदा नियोजन समाप्त न कर इन्हें एक अवसर प्रदान करते हुए चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

साथ ही बंदोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि श्री कुमार द्वारा सर्वेक्षण कार्य में किए गए विलंब के लिए निदेशालय पत्रांक 5966 दिनांक 25.07.2023 के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

20/2/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0–भू0अ0नि0(वि0सर्वे0कर्मी)मुंगेर–45 / 2022 892 **पटना, दिनांक** 20/02/2024

प्रतिलिपि :– श्री रूपम कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03465), बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0–भू0अ0नि0(वि0सर्वे0कर्मी)मुंगेर–45 / 2022 892 **पटना, दिनांक** 20/02/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–राज्य यो0–भू0अ0नि0(वि0सर्वे0कर्मी)मुंगेर–45 / 2022 892 **पटना, दिनांक** 20/02/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 20/2/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप